एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

ादशी विक्रम संवत 2082 | बरेली | शुक्रवार, 3 अक्टूबर 2025, वर्ष

PAGE NO 5 : TOP

# श्रीराम मूर्ति के स्मृति दिवस पर प्रतिभाओं का सम्मान

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** श्रीराम मूर्ति स्मारक ट्रस्ट की ओर से गुरुवार को ट्रस्ट परिवार के प्रेरणा स्रोत स्वतंत्रता सेनानी एवं पूर्व मंत्री स्वर्गीय श्रीराम मूर्ति का 37वां स्मृति दिवस मनाया गया। इस अवसर पर ट्रस्ट के चेयरमैन देव मूर्ति ने पीजीआई चंडीगढ़ के वरिष्ठ प्राध्यापक एवं पूर्व विभागाध्यक्ष सर्जरी प्रो. एसएम बोस, इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ (छत्तीसगढ़) की कुलपति प्रो. लवली शर्मा, शिक्षा, स्वास्थ्य देखभाल, स्वच्छता, आजीविका संवर्धन, प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन और नवीकरण ऊर्जा के क्षेत्रों में सक्रिय संस्था एआरओएच की संस्थापक एवं अध्यक्ष डा.नीलम गुप्ता, रिस्क एंड काम्पलाइनसेज (इंजीनियरिंग सर्विसेज) इनफोसिस लिमिटेड के हेड मनीष कुमार और युवा जलवायु परिवर्तन नायक कर्णव रस्तोगी को उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए राम मूर्ति प्रतिभा अलंकरण से सम्मानित किया। कहानी प्रतियोगिता में विशाल पांडेय की कहानी मत बांधों इनको जंजीरो में को प्रथम पुरस्कार मिला। इसके लिए विशाल को 11,000 रुपये व प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। साथ ही एसआरएमएस ट्रस्ट के शैक्षिक संस्थानों में अध्ययनरत 216 प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को 3.5 करोड़ रुपये की छात्रवृत्ति वितरित की गई। विद्यार्थियों को 20 हजार से 2 लाख तक की छात्रवृत्ति बांटी गई।



कार्यक्रम में प्रतिभाओं को सम्मानित करते चेयरमैन देवमूर्ति। • अमृत विचार

- **प्रो. बोस, लवली, डॉ. नीलम, मनीष व कर्णव को राम मूर्ति प्रतिभा अलंकरण**
- **ट्रस्ट के शैक्षणिक संस्थाओं के 216 मेधावियों को 3.5 करोड़ की छात्रवृत्ति का वितरण**

श्रीराम मूर्ति स्मारक ट्रस्ट के सभी महाविद्यालयों (सीईटी, सीईटीआर, आईएमएस और रिद्धिमा में महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री के जन्मदिन पर उनके चित्रों पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए गए। स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं पूर्व मंत्री श्रीराम मूर्ति की पुण्यतिथि पर भी श्रद्धासुमन अर्पित कर उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया गया। चेयरमैन देव मूर्ति ने ट्रस्ट के शैक्षणिक संस्थानों की ओर से की जा रही रिसर्च व मेडिकल कालेज द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। ट्रस्ट सचिव आदित्य मूर्ति ने जयंती पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री को याद किया। स्वतंत्रता सेनानी श्रीराम मूर्ति के स्मृति दिवस पर श्रद्धांजलि अर्पित की। संचालन डा. अनुज कुमार ने किया। श्रद्धांजलि समारोह में वनमंत्री डॉ. अरुण कुमार, सांसद छत्रपाल गंगवार, विधायक डा.राघवेंद्र शर्मा, डा.डीसी वर्मा, शहजिल इस्लाम, पूर्व मंत्री भगवत शरण गंगवार, ब्लाक प्रमुख भोजीपुरा योगेश पटेल, कांग्रेस महानगर अध्यक्ष दिनेश दद्दा, अशोक गोयल, गुरु मेहरोत्रा, डा.ओपी राय, डा.वंदना शर्मा, ट्रस्टी आशा मूर्ति, उषा गुप्ता, ऋचा मूर्ति, श्यामल गुप्ता, अंबिका मूर्ति, देविशा मूर्ति, इंजीनियर सुभाष मेहरा, डा. एमएस बुटोला, प्रो. प्रभाकर गुप्ता, डा. मृथ्यु महेश्वरी, डा. जसप्रीत कौर, डा. शैलेश सक्सेना, डा. अमित कुमार शर्मा, डा. सौरभ गुप्ता, विवेक यादव आदि मौजूद रहे। इस दौरान रक्तदान शिविर भी आयोजित हुआ।